# ...किसी 'नेता' के आगे नहीं 'झुकूंगा', भले ही चाहें 'कुर्सी' चली 'जाए': संजय

## मैं क्यों किसी 'नेता' के आगे पीछे चलूं, जबकि मैं 'खुद' नेता 'हूं, किसी 'नेता' का नहीं, 'भाजपा' का 'अध्यक्ष' हूं, मेरे नेता मोदी, योगी और पंकज चौधरी

तेजयुग न्यूज

**बस्ती।**...जिले के प्रथम नागरिक ने पहली बार मीडिया के सामने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी नेता का नहीं बल्कि भाजपा का अध्यक्ष हैं। उन्हें किसी नेता नहीं बल्कि भाजपा ने अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया है। जिन लोगों को यह गलतफहमी है, कि उन्होंने कुर्सी पर बैठाया तो उन्हें बता दूं, कि वह किसी की मेहरबानी से नहीं बल्कि भाजपा ने उन्हें कुर्सी पर बैठाया। कहा कि मेरे नेता मोदी, योगी और पकंज चौधरी हैं, उनका जय-जयकार करुंगा। यह भी कहते हैं, कि जब मैं खुद एक नेता हूं तो मैं किसी और नेता के आगे-पीछे क्यों घूमू।

कहा कि मैं 32 साल से भाजपा में हूं, तीन बार जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन, दो बार भाजपा जिला उपाध्यक्ष, दो बार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषित उम्मीदवार रहा हूं, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता उसके बाद उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी मिली। कहते हैं, कि जो नेता हम्हें झुकाना चाहते हैं, तो मैं उन्हें बता दूं कि मैं किसी भी किसी भी कीमत पर नहीं झूकुंगा। भले ही चाहें उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी ही क्यों

▸▸ किसी भी कीमत पर किसी नेता के आगे नहीं झूकूंगा, भले ही चाहें कुर्सी छोड़नी पड़े ▸▸ ऐसी दसों कुर्सी कुर्बान, लेकिन मान और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं ▸▸ यह कुर्सी तो आती-जाती रहती है, हो सकता है, मंत्री की कुर्सी मिल जाए ▸▸ हम्हें मालूम हैं, कि हमारे परिवार के सदस्यों को कौन बरगला रहा, ▸▸ लोकसभा का चुनाव मोदी का चुनाव, इससे बैठक से कोई लेना-देना नहीं ▸▸ गारंटी देता हू कि जिले से भाजपा की भारी मतों से जीत होगी ▸▸ इन सदस्यों का क्या कभी हमारे साथ फोटो खिचवाते, तो कभी किसी और के साथ

न छोड़नी पड़े। वह अपने मान-सम्मान के लिए ऐसी दसों कुर्सी को कुर्बान कर सकतें हैं, लेकिन मान और सम्मान के साथ समझौता नहीं करुंगा। एक सवाल के जबाव में कहा कि यह कुर्सी तो आती-जाती रहेगी, हो सकता हैं, कि कल को मंत्री की कुर्सी मिल जाए, क्यों कि मैं लगातार 32 सालों से समाज और भाजपा की सेवा में लगा हूं, और जो समाज और पार्टी की सेवा करेगा, कुर्सी भी उसे ही मिलेगी। जब उनसे यह पूछा गया कि आप को यह कुर्सी किसी नेता की मदद से मिली तो कहने लगे कि लोगों को यह गलतफहमी है, कि हम्हें यह कुर्सी किसी नेता की मेहरबानी या फिर उनकी मदद से मिली है।

जो नेता यह कह रहे हैं, उन्हीं की षह पर ही हमारे परिवार के सदस्यों को हमारे खिलाफ बरगलाया जा रहा है। सवाल के लहजे में कहते हैं, कि क्या परिवार का कोई सदस्य टहलने के लिए बाहर नहीं जाता, और अगर वह टहलने जाता है, तो क्या वह घर वापस नहीं आता है?। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या आप बहुमत में हैं, और आपके पास कितने सदस्य हैं, पर कहने लगे कि हमारे तो सभी 42 सदस्य हैं, और उनके पास बहुमत से कहीं अधिक सदस्य है। कहतें हैं, कि इन सदस्यों के बारे में क्या कहा जाए कभी दस लोग हमारे साथ फोटो खिचवातें हैं, तो कभी उधर फोटो खिचवाने चले जाते है। सदस्य आज यहां तो कल वहां। यह हमारे घर का मामला है, और वह इसे जल्द ही सुलझा लेगें। लेकिन जो लोग इसके पीछे राजनीति कर रहे हैं, वह यह जान और समझ लें कि हम्हें कुर्सी का कोई मोह नहीं।

लेकिन मैं झूकने वाला नहीं हूं। स्पष्ट कहा कि अगर वह भी नेता के आगे-पीछे चलते तो आज वह भी मौज करते, लेकिन हम किसी नेता के पीछे नहीं चलते, क्यों कि मैं खुद नेता हूं। हम क्यों किसी नेता के आगे-पीछे चले, हम जिसको नेता मानते हैं, उसके साथ चलकर जिंदाबाद का नारा लगाएगें। हमारे परिवार के सदस्यों को जिन लोगों के द्वारा बैक डोर से बरगलाया जा रहा हैं, उन्हें सब जानते हैं, और जल्द ही वह बेनकाब होने वाले है। कहते हैं, कि लोकसभा चुनाव से इससे कोई लेना-देना नहीं, यह चुनाव मोदी का चुनाव है, और मैं जिले की जनता को विष्वास दिलाना चाहता हूं, कि जिले से भाजपा रिकार्ड मतों से जीतेगी।






### 'अध्यक्ष' पर हमला 'बोलने' वाले आधे से अधिक 'नकली'

कार्य बहिष्कार के बाद जिन पांच सदस्यों ने मीडिया के सामने अध्यक्ष के मनमाने कार्य और कमीषनबाजी को लेकर हमला बोला, उसमें तीन नकली सदस्य रहे। इनमें कोई किसी का पति तो कोई किसी का पुत्र। देखा जाए तो सबसे अधिक हमला नकली सदस्यों ने ही बोला। इनमें राना दिग्विजय सिंह, विधामणि सिंह और ब्रह्मदेव यादव उर्फ देवा का नाम षामिल। यह कैसी बिंडबना है, कि जिन महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए सरकार और समाज लड़ाई लड़ रहा है, उन्हीं महिलाओं के अधिकारों का हनन उनके पतियों और पुत्र के द्वारा किया जा रहा है। बैक डोर से पत्नियों और माताजी की मदद करना अलग बात हैं, और सामने आकर उनका अधिकार छीनना दूसरी बात है। भले ही यह लोग भाजपा के भी कार्यकर्त्ता हैं, मगर ऐसे मौके पर महिलाओं के स्थान पर खुद बयानबाजी करना महिला अधिकारों का हनन करने जैसा है। हालांकि जिस तरह इन नकलियों के द्वारा अध्यक्ष पर हमला बोला गया, उसके लिए अध्यक्ष खुद जिम्मेदार है। इन लोगों के आरोपों में काफी दम है। वाकई अगर अध्यक्ष सदस्यों का बराबर सम्मान करते और उनके क्षेत्रों का प्रस्ताव लेते तो इन्हें आज यह दिन न देखना पड़ता। कभी इन्हें नकली सदस्यों के भाग लेने पर आपत्ति नहीं होती तो कभी यह नियम कानून का हवाला देकर उनपर भाग लेने पर रोक लगाते है। इसे भी अध्यक्ष की बड़ी गलतियों में से एक माना जाएगा। राना ने कहा कि अध्यक्ष, सदस्यों के नाम पर पिछले तीन साल से मलाई काट रहे है। यह एक भी सदस्य के मानक पर खरा नहीं उतरे। कमीषन के लिए मनमानी तरीके से टेंडर निकालते रहें, सदस्यों का प्रस्ताव न लेकर ठेकेदारों के प्रस्ताव पर टेंडर निकालते रहे। विधामणि सिंह ने कहा कि अध्यक्ष ने पिछले तीन साल में सिर्फ अपना विकास किया। भगवान इन्हे सतबुद्वि दे। यह अपने लिए दहाई के सदस्य तक नहीं जुटा पाए। सदस्यों को अंधकार में रहकर तीन साल से मनमानी करते रहे। कहते हैं, कि अध्यक्ष की अपनी कोई ताकत नहीं, उनकी असली ताकत सदस्य है। अब जो भी जिला पंचायत में कार्ययोजना बनेगी वह सदस्यों की सहमति से बनेगी। इन्होंने यहां तक कहा कि वह भी भाजपा के कार्यकर्त्ता हैं, और वह कभी नहीं चाहेगें, कि अध्यक्ष की मनमानी के चलते भाजपा और सरकार की कोई बदनामी हो। ओबीसी के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव उर्फ देवा ने तो यहां तक कह डाला कि अध्यक्ष अल्पमत में आ गएं है। कहा कि इन्होंने पिछले तीन सालों में भ्रष्टाचार के अतिरिक्त और कोई विकास कार्य नहीं किया। जिस नेता की ओर ईषारा कर यह उन्हें बदनाम कर रहे हैं, उन्हीं की कृपा से आज यह मलाई खा रहें है। हम लोग अध्यक्ष के साथ नहीं है। आगे यह हमारे अध्यक्ष रहेगें या नहीं इसका निर्णय 29 सदस्य करेगें। मगर आज की तारीख में यह अध्यक्ष है। मीडिया ने लगभग सभी से पूछा कि क्या आप लोग अब संजय चैधरी को अपना अध्यक्ष मानते हैं, कि नहीं ? जबाव न तो 'एस' में मिला और न 'नो' में।

# 'केंद्र' और 'राज्य' सरकार ने लिखी 'विकास' की नई 'इबारत' : सांसद

## 7.70 करोड़ की लागत से 68 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

❖ हम सभी लोग मिलकर हरीश द्विवेदी को पूरे प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीता कर दिल्ली भेजेंगें : पाल




तेजयुग न्यूज

**बस्ती।** बनकटी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता इं. अरविंद पाल के नेतृत्व में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक दूधराम, नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी व अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने द्वीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया तथा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में कुल सात करोड़ 70 लाख 96 हजार रुपए के लागत से हुई 68 परियोजना का लोकार्पण किया।

लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी है और साथ ही वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का सिरमौर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना होगा। विधायक दूधराम व इं. अरविंद पाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। भाजपा नेता अरविंद पाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हरीश द्विवेदी को तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाकर उनपर भरोसा जताया है उसी तरह से हम सभी को मिलकर उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीतने वाला सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का काम करना होगा ।

संचालन रविचन्द पांडेय ने किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह, सुरेन्द्र नाथ तिवारी, भाजपा नेता रघुनाथ सिंह, भाजपा नेता इं.अरविंद पाल, अश्विनी उपाध्याय, विवेकानंद शुक्ल, अतुल पाल, अखिलेश शुक्ला, बाबूराम चैधरी, वसीम भाई, दिनेश चैधरी, हफीज भाई, डॉ. अनिल मौर्य, कौशल चैधरी, राजेन्द्र शुक्ल, संजू चैधरी, सुभाष शर्मा, विनोद यादव, परमात्मा यादव, दाऊद खान, मो.हसन, मुरलीधर शुक्ल, जगदम्बा शुक्ल, भोला मौर्य, आशीष चैधरी, रमेश यादव एवं राजन पाल, सुनील पाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# 'रोडवेज' की बसों में 'वरिष्ठ नागरिकों' को मिले 30 'फीस' की 'छूट': उपाध्याय

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में रेल किराये में छूट बहाल करने की मांग

तेजयुग न्यूज

**बस्ती।** पेंषनर एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि 65, 70, 75वें वर्ष पर पेंशनरों को क्रमश 5, 10, 15 प्रतिकर पेंशन बढोत्तरी दिया जाय। कोराना काल के पूर्व रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाने वाला छूट शुरू किया जाय और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 30 प्रतिशत छूट दिये जाने के साथ ही पेंशनरों के लम्बित मांगों का निराकरण कराया जाय। कहा कि एसोसिएशन इस दिशा में निरन्तर सक्रिय है। यह बाते उन्होंने कलेक्टेऊट स्थित पेंशनर्स कक्ष में कही। संचालन सचिव सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव ने किया।



बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनाथ, उपाध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, नरेन्द्रदेव मिश्र, छोटेलाल यादव आदि ने सम्बोधित करते हुये पुरानी पेंशन बहाली एवं कैशलेश चिकित्सा में आ रही कठिनाईयों के समाधान कराने का मुद्दा उठाया। कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु निरन्तर प्रयास जारी हैं। राधेश्याम त्रिपाठी, सुरेशधर दूबे, उदयराज वर्मा, रामनाथ, प्रेमशंकर लाल, आदि ने पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं पर कार्यकारिणी की बैठक में बिन्दुवार विचार विमर्श किया गया।

इसके साथ ही सदस्यता बढाये जाने पर जोर दिया गया। बैठक में राधेश्याम तिवारी, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, श्रीगोपाल त्रिपाठी, गणेशदत्त शुक्ल, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सुरेश धर दूबे, प्रेमप्रकाश मिश्र, जयनाथ सिंह, अंगिरा प्रसाद, भगवान दास, बुद्धि सागर पाण्डेय, शीतला प्रसाद पाण्डेय, उदयराज वर्मा, राधेश्याम गुप्ता, बाबूराम आदि शामिल रहे।

# विंध्याचल दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पलटी, मची चीख पुकार, पांच घायल

तेजयुग न्यूज

**जौनपुर :** जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के पास विंध्याचल से दर्शन करके लौट रही बस अचानक पलट गई। हादसे में बस में सवार पांच यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना पर तत्काल गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस ने पहुंचकर सभी घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया।

आजमगढ़ जनपद के सारायमीर थाना क्षेत्र के बिसरौर गांव निवासी विनोद यादव एक प्राइवेट बस बुक करके रविवार को सुबह आजमगढ़ से विंध्याचल दर्शन करने के लिए मिर्जापुर गए थे। बस में कुल 21 यात्री बैठे थे। दर्शन पूजन करके सभी लोग लौट रहे थे। रविवार की रात में लगभग 11ः00 बजे जैसे ही दर्शनार्थियों से भरी बस जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर केशवपुर गांव के पास पहुंची तभी अचानक ड्राइवर को झपकी आ जाने की वजह से बस पलट गई।

बस पलटते ही आसपास चीख पुकार मच गई। प्रसाद तिराहे की तरफ से गश्त कर लौट रहे थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर बृजेश कुमार गुप्ता घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर पांचो घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु दो एंबुलेंस को बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड गौराबादशाहपुर भिजवाया।

# ...अब 'शिक्षा मित्र' के भरोसे नहीं रहा 'सुअरहा स्कूल'

तेजयुग न्यूज

**बस्ती।**...वैसे तो समाज के प्रत्येक नागरिकों की जिम्मेदारी हैं, कि वह जितना भी हो सके प्राथमिक शिक्षा में अपना योगदान दे। कोई जरुरी नहीं कि यह योगदान धन से ही हो, आदमी चाहे तो वह किसी स्कूल के पठनपाठन को पूरा करने के लिए षिक्षक की नियुक्ति प्रयास करके करा सकता हैं, जैंसा कि समाजसेवी रवि कुमार पाण्डेय ने किया।




इनका प्रयास उस समय रंग लाया, जब इन्होंने प्राथमिक विद्यालय सुअरहा द्वितीय पर एक शिक्षक की तैनाती करवाया, पहले यह स्कूल षिक्षा मित्र के भरोसे चल रहा है, जिसके चलते बच्चों को वह शिक्षा नहीं मिल पा रही थी, जिसके वे हकदार थे। इनके प्रयास की सराहना गांव वाले और स्कूल के लोगों ने की। प्राथमिक विद्यालय सुअरहा द्वितीय में शिक्षक नहीं थे, विद्यालय शिक्षा मित्र के भरोसे चल रहा था, जबकि विद्यालय में 80 बच्चे पंजीकृत हैं। जिसको संज्ञान में लेते हुए समाजसेवी एवं भाजपा नेता रवि कुमार पाण्डेय ने बीएसए बस्ती को पत्र लिखा था और मीडिया ने भी इसे महत्व दिया।

जिसका नतीजा रहा बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय सुअरहा द्वितीय का निरीक्षण किया और मामले से अवगत होने के बाद एसडीआई सीपी गौड़ को निर्देशित किया और तत्काल शशिकांत नामक शिक्षक की तैनाती की गई, जिससे गांव वालों ने खुशी जाहिर की है और रवि पांडेय के प्रयास की सराहना करते हुए मीडिया को धन्यवाद दिया।

# 'सांसद' और 'विधायक' ने बटन दबाकर 'प्रोजेक्ट अलंकार' का किया 'शिलान्यास'

## इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं शिक्षकों के बीच में किया गया

तेजयुग न्यूज

**बस्ती।** प्रोजेक्ट अलंकार के तीत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यक्रम में जनपद के 17 शासकीय एवं पांच अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के निर्माण कार्य का प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं शिक्षकों के बीच में किया गया। इस अवसर पर सांसद हरीश द्विवेदी एवं विधायक अजय सिंह ने जनपद में निर्माण कार्यो का बटन दबाकर शिलान्यास किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश शुक्ल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत बस्ती सदर एवं हर्रैया तहसील के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रू0 660.810 लाख तथा बस्ती सदर, रूधौली एवं भानपुर तहसील के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों मे रू0 2660700.00 लाख से विभिन्न कार्य कराये जायेंगे। उन्होने बताया कि बस्ती सदर तहसील के बस्ती सदर ब्लाक में राजकीय इण्टर कालेज में रू0 11.015 लाख की लागत से बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय ब्लाक्स की स्थापना का कार्य, राजकीय कन्या इण्टर कालेज में रू0 53.930 लाख की लागत से 05 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष निर्माण एवं रू0 249.355 लाख की लागत से आंशिक जर्जर भवन का जीर्णोद्धार का कार्य, राजकीय उ.मा.वि. खखुआ में रू0 11.015 लाख की लागत से बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय ब्लाक्स की स्थापना का कार्य कराया जायेंगा। इसी प्रकार ब्लाक कुदरहा में राजकीय उ0मा0वि0 परसांव में रू0 11.015 लाख की लागत से बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय ब्लाक्स की




स्थापना का कार्य, बहादुरपुर में राजकीय उ.मा.वि. कुरहापट्टी दरियांव में रू0 2.285 लाख की लागत से स्वच्छ पाईप पेयजल का कार्य तथा राजकीय उ.मा.वि. कलवारी एहतमाली में रू0 44.225 लाख की लागत से स्वच्छ पाईप पेयजल, 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष मल्टीपरपज हाल एवं पुस्तकालय कक्ष का निर्माण कार्य कराया जायेंगा।

उन्होंने बताया कि हर्रैया तहसील के ब्लाक कप्तानगंज में राजकीय विद्यालय सिकटा में रू0 20.295 लाख की लागत से बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय ब्लाक्स की स्थापना एवं पुस्तकालय कक्ष का निर्माण कार्य, विक्रमजोत में राजकीय कन्या इण्टर कालेज सोनबरसा में रू0 2.285 लाख की लागत से स्वच्छ पाईप पेयजल का कार्य, हर्रैया में राजकीय उ0मा0वि0, इन्दौली में रू0 64.005 लाख की लागत से अपूर्ण विद्यालय भवन को पूर्ण कराने का कार्य तथा राजकीय उ.मा.वि. रमापुर राजा में रू0 86.425 लाख की लागत से अपूर्ण विद्यालय भवन को पूर्ण कराने कार्य, परसरामपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज श्रंगीनारी में रू0 41.590 लाख की लागत से दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष एवं मल्टीपरपज हाल का निर्माण कार्य तथा राजकीय उ.मा.वि., सिकन्दरपुर में रू. 8.930 लाख की लागत से एक अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कार्य एवं दुबौलिया में राजकीय उ.मा.वि. गोपालपुर उजी में रू. 13.300 लाख की लागत से स्वच्छ पाईप पेयजल का कार्य एंव बालक/बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय ब्लाक्स की स्थापना का कार्य कराया जायेंगा। इसी प्रकार ब्लाक गौर में राजकीय इण्टर कालेज कछिया में रू0 2.285 लाख की लागत से स्वच्छ पाईप पेयजल की सुविधा का कार्य तथा राजकीय उ.मा.वि. मेहदिया खडगबहादुर शाही में रू0 9.280 लाख की लागत स पुस्ताकालय कक्ष का निर्माण एवं राजकीय उ.मा.वि., पिपरहिया में रू0 9.280 लाख की लागत से पुस्तकालय कक्ष का निर्माण का कार्य कराया जायेंगा। उन्होने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में तहसील बस्ती सदर के ब्लाक सदर में गौतम इ0का0 पिपरागौतम, बहादुरपुर, बस्ती में रू0 1440300.00 लाख की लागत से कक्षा कक्ष संख्या-7, विज्ञान कक्ष, बाउण्ड्रीवाल, कक्षा कक्ष संख्या-1 से 4 तक के सामने बरामदा निर्माण कार्य, फर्श में टाइलीकरण, विज्ञान संकाय के सामने बरामदे का फर्श निर्माण कार्य तथा प्रधानाचार्य कक्ष।

तहसील रूधौली के रूधौली ब्लाक में दिलेश्वरी इ0का0 रूधौली में रू0 183000.00 लाख की लागत से कक्ष संख्या 3 एंव पश्चिमी बरामदा में स्लेब का पुनर्निर्माण तथा रामेन्द्र विक्रम कृषि इ0का0 अठदमा रूधौली में रू0 348000.00 लाख की लागत से विद्यालय के प्रांगण में ही दो अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का कार्य कराया जाना है। इसी प्रकार तहसील भानपुर के ब्लाक सल्टौआ में आदर्श इ0का0 सल्टौआ गोपालपुर में रू0 242400.00 लाख की लागत से विद्यालय प्रबन्धन के द्वारा प्रस्तावित बालक/बालिकाओं के लिए शौचालय का निर्माण, बरामदा का स्लैब पुर्ननिर्माण एवं 02 कमरों के फर्श के मरम्मत का कार्य एवं ब्लाक रामनगर में आदर्श उच्चतम माध्यमिक बरगदवा में रू0 447000.00 लाख की लागत से विद्यालय प्रबन्धन के द्वारा प्रस्तावित 02 नवीन कक्ष एवं बरामदा का निर्माण कार्य कराया जायेंगा।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। इस अवसर पर एडीएम कमलेश चंद्र, जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, भाजपा नेता जगदीश शुक्ला, भाजपा के अंकुर वर्मा, संयुक्त निदेशक शिक्षा ओम प्रकाश मिश्रा, उपायुक्त मनरेगा संजय शर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार, विकास श्रीवास्तव, शिव बहादुर सिंह, जिला समन्वयक वागीश पाठक, प्रधानाचार्य नीलम सिंह, सुरेश चंद्र वर्मा, उदयभान वर्मा, अरुण कुमार मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शिवपूजन वर्मा, संतोष कुमार गौड, रामप्रीत यादव, कविता श्रीवास्तव, भानु प्रकाश मिश्रा तथा विद्यालयों के प्रबंधक एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।